www.sanjanabharati.com
दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित
facebook.com/Sanjanabharati

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# संजना भारती

RNI No. : DELHIN/2016/70240

आपका भरोसा, हमारी ताकत



2 आखिर कनाडा-भारत के बीच सुधरते रिश्ते... | 3 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारत स्काउट और गाइड... | 4 बुजुर्गों के साथ-साथ जवानों में भी बढ़ रही हैं...

वर्ष: 9 | अंक: 239 | दिल्ली, सोमवार, 23 जून 2025 | पृष्ठ संख्या: 4 | मूल्य: 1 रुपया

■ संक्षिप्त समाचार

## ईरान के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बात की

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** ईरान के राष्ट्रपति महामहिम श्री मसूद पेजेशकियन ने आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से टेलीफोन पर बातचीत की। राष्ट्रपति पेजेशकियन ने प्रधानमंत्री मोदी को विस्तार से जानकारी दी और क्षेत्र की वर्तमान स्थिति, विशेष रूप से ईरान और इस्राइल के बीच चल रहे संघर्ष पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में हुई तनातनी पर भारत की गहरी चिंता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत शांति और मानवता के पक्ष में है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री ने तत्काल तनाव कम करने के लिए संवाद और कूटनीति की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए भारत का समर्थन दोहराया। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय समुदाय की सुरक्षित वापसी और स्वदेश वापसी के लिए दिए जा रहे निरंतर समर्थन के लिए राष्ट्रपति पेजेशकियन को धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने व्यापार और आर्थिक सहयोग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा दोनो देशों के लोगों के बीच संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए काम करना जारी रखने की साझा प्रतिबद्धता दोहराई। दोनो नेता भविष्य में आपसी संपर्क बनाए रखने ने पर सहमत हुए।

## 311 भारतीय नागरिक ईरान से सुरक्षित लौटे

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** ईरान में फंसे 300 से ज्यादा भारतीय नागरिकों, खास तौर पर छात्रों को लेकर महान एयर की एक फ़्लाइट (W50071A) रविवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतरी, जिससे सैकड़ों परिवारों, खास तौर पर जम्मू-कश्मीर में, के लिए गहन चिंता और भावनात्मक उथल-पुथल का दौर खत्म हो गया। यह घटनाक्रम मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच हुआ है, जब अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए हैं। निकाले गए लोगों में कश्मीर के 200 से ज्यादा छात्र शामिल थे, जो ईरान में पढ़ रहे थे और इस क्षेत्र में बढ़ते संघर्ष में फंस गए थे। उनके वापस आने से उन चिंतित रिश्तेदारों को राहत मिली, जो अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर अनिश्चितता से भरी रातों की नींद हराम कर रहे थे। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर अपडेट साझा करते हुए क्षेत्र में बढ़ते संघर्ष के बीच अपने नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने निकाले गए लोगों की तस्वीरों के साथ पोस्ट किया, "ऑपरेशन सिंधु जारी है। 311 भारतीय नागरिक 22 जून को 1630 बजे मशहद से एक विशेष उड़ान से नई दिल्ली पहुंचे। अब तक 1428 भारतीय नागरिकों को ईरान से निकाला जा चुका है।" जम्मू और कश्मीर छात्र संघ ने समय पर और कुशल हस्तक्षेप के लिए भारत सरकार, विदेश मंत्रालय और ईरान में भारतीय दूतावास के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। संघ ने एक बयान में कहा, "युद्ध क्षेत्र ईरान में संकट के दिनों को झेलने वाले ये छात्र आखिरकार अपनी मातृभूमि की सुरक्षा और अपने इंतजार कर रहे परिवारों के गर्मजोशी भरे आलिंगन में लौट आए हैं।" संघ ने भारतीय और ईरानी अधिकारियों के बीच त्वरित समन्वय की भी प्रशंसा की, जिसने "बहुत गंभीर स्थिति" के दौरान निकासी सुनिश्चित की।

### अमित शाह ने एनएफएसयू परिसर और एक केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की रखी आधारशिला

# हथियार डाल दो, नहीं तो बारिश में भी सोने नहीं देंगे: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

(एजेन्सी)।

**छत्तीसगढ़।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर अटल नगर में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर और एक केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की आधारशिला रखी। शाह राज्य के दो दिवसीय दौरे पर हैं, जिसके दौरान वह एक सुरक्षा शिविर का दौरा करेंगे और चल रहे नक्सल विरोधी अभियानों पर बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान शाह के साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह और मंत्री भी थे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की आपराधिक न्याय प्रणाली के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि इसे आधुनिक बनाने के लिए 3 नई पहल की जा रही हैं। एकः नवा रायपुर में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय के परिसर की आधारशिला रखी गई। दोः नवा रायपुर में केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की भी नींव रखी गई। तीनः




जब तक NFS विश्वविद्यालय का नया भवन तैयार नहीं हो जाता, तब तक इसके स्थायी परिसर की भी शुरूआत हो गई है।

अमित शाह ने कहा कि ये तीनों पहल न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि आने वाले दिनों में पूरे मध्य भारत के लिए आपराधिक न्याय प्रणाली को एक आधार प्रदान करेंगी। इसके साथ ही छत्तीसगढ़-आईहब का भी उद्घाटन किया गया है। विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के बाद निवेश शिखर सम्मेलन हुआ, जिसमें 5 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। छत्तीसगढ़ में कई उद्योग आ रहे हैं। मैं यहां छत्तीसगढ़ के युवाओं को स्पष्ट कहने आया हूं। जब तक युवा स्वयं उद्योगपति नहीं बनेंगे, तब तक छत्तीसगढ़ का निवेश औद्योगिक क्रांति का कारण नहीं बन सकता। गृह मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की सरकार और राज्य के गृह मंत्री विजय शर्मा की सबसे बड़ी उपलब्धि यही है कि उन्होंने रुके हुए नक्सल ऑपरेशन को तेज गति से शुरू किया। मैंने देखा है कि सरकार बनने के बाद से इस सरकार ने न सिर्फ नक्सल विरोधी अभियान को तेज किया है बल्कि समय-समय पर इसका मार्ग दर्शन भी किया है। पुलिस और सुरक्षा बलों का हौसला बढ़ाया है और इस लड़ाई को कुशलतापूर्वक आगे बढ़ाया है...मैंने कहा था कि 31 मार्च 2026 को यह देश नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा और मैं आज फिर दोहराना चाहूंगा कि जिस तरह से सुरक्षा बलों ने वीरता दिखाई है, हम इस लक्ष्य को जरूर हासिल करेंगे।

शाह ने नक्सलियों से हिंसा छोड़ने और मुख्यधारा में शामिल होने का अनुरोध करते हुए कहा कि बातचीत की कोई जरूरत नहीं है, बस हथियार छोड़ दें, विकास की यात्रा में शामिल हों और आकर्षक आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाएं।

# मनोहर लाल ने बाबा बंदा सिंह बहादुर लोहगढ़ फाउंडेशन ट्रस्ट के कार्यालय का किया उद्घाटन



एसबी संवाददाता

**चंडीगढ़।** केंद्रीय आवासन, शहरी मामले और ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस व्यासपुर, यमुनानगर में बने बाबा बंदा सिंह बहादुर लोहगढ़ फाउंडेशन ट्रस्ट के कार्यालय का उद्घाटन रविवार को रिबन काटकर किया।

### ■ किसान युवा क्लब एवं देशभक्त यूनिवर्सिटी ने ट्रस्ट को 11-11 लाख रुपये दान स्वरूप दिए

इस अवसर पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री की अध्यक्षता में बाबा बंदा सिंह बहादुर लोहगढ़. ट्रस्ट के सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लोहगढ़ स्मारक की निर्माण प्रक्रिया शुरू किए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में स्मारक की निर्माण प्रक्रिया की निगरानी के लिए मॉनिटरिंग कमेटी एवं एक्सपर्ट कमेटी एवं सिख विरासत से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल को निगरानी समिति का अध्यक्ष नामित किया गया।

मॉनिटरिंग कमेटी का उद्देश्य सिख विरासत को प्रतिबिंबित करने वाले स्मारक की निर्माण प्रक्रिया की समय-समय पर जांच करना एवं आवश्यक सुझाव दिया जाना रहेगा। बाबा बंदा सिंह बहादुर लोहगढ़ फाउंडेशन ट्रस्ट की एक्सपर्ट कमेटी का कार्य इतिहास से स्मारक से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं एवं अन्य घटनाओं को उजागर करना अथवा शोध के द्वारा इसको सशक्त बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करना होगा।

केंद्रीय आवासन, शहरी मामले और ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने बैठक में कहा कि ट्रस्ट एवं अन्य उप-समितियां बाबा बंदा सिंह बहादुर की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने और लोहगढ़ तथा बाबा बंदा सिंह बहादुर पर शोध और संग्रहालयों, स्मारकों और साहित्य को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

बैठक में बाबा बंदा सिंह बहादुर लोहगढ़ फाउंडेशन ट्रस्ट के नाम पर दान देने वाले व्यक्ति/संस्थाओं को आयकर मे छूट देने की व्यवस्था पर भी विचार किया गया। बैठक में बाबा बंदा सिंह बहादुर लोहगढ़ फाउंडेशन ट्रस्ट के अधीन विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु एवं अन्य संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में किसान युवा क्लब के संस्थापक राकेश बेनिवाल एवं उनके सहयोगी अमन विर्क ने बाबा बंदा सिंह बहादुर लोहगढ़ फाउंडेशन ट्रस्ट के नाम दान स्वरूप 11 लाख रुपये का चैक केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को सौंपा। पहले भी देशभक्त यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. जोरा सिंह ने 11 लाख रुपये ट्रस्ट को दान में दिए। इसके लिए केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया और लोगों से अपील की कि वे इस प्रकार की धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें।

बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, पूर्व मंत्री कंवरपाल, पूर्व सांसद संजय भाटिया, अतिरिक्त मुख्य सचिव विजेन्द्र कुमार, मंडलायुक्त अंबाला संजीव वर्मा, सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा के महानिदेशक के एम पांडुरंग, पर्यटन विभाग के निदेशक डॉ. शालीन, उपायुक्त पार्थ गुप्ता, मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. प्रभलीन सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# दिल्ली की हवा को साफ करना हमारा मिशन है और यह सफल रहा है: मनजिंदर सिंह सिरसा

एसबी संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एयर क्वालिटी लगातार बेहतर हो रही है। AQI 92 दर्ज हुआ है, जो लगातार पाँचवें दिन सेटिस्फैक्टरी श्रेणी में बना हुआ है। इस दौरान पंजाबी बाग ने AQI 65 के साथ राजधानी के सभी 13 हॉटस्पॉट्स में सबसे बेहतर प्रदर्शन किया।

यह सुधार ग्राउंड पर हो रही निरंतर कार्रवाई और सख़्त निगरानी का नतीजा है। पिछले 48 घंटों में 218 पुराने वाहन (10 या 15 साल से ज्यादा पुराने) जब्त किए गए हैं और 11,157 प्रदूषण चालान जारी किए गए हैं। ये कदम प्रदूषण के खिलाफ दिल्ली सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति को दर्शाते हैं। पुराने वाहनों पर कार्रवाई और फील्ड लेवल मॉनिटरिंग से जो परिणाम आ रहे हैं, वे बिल्कुल साफ हैं। शहरव्यापी सुधार के साथ-साथ पंजाबी बाग जैसे हॉटस्पॉट्स की कामयाबी दिखा रही है कि दिल्ली अब क्लीन एयर की ओर बढ़ रही है-मनजिंदर सिंह सिरसा

पर्यावरण मंत्री श्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कार्यभार संभालते ही जमीन पर लगातार निरीक्षण किए हैं-हॉटस्पॉट्स पर दौरे, जवाबदेही तय करने वाले निर्देश और तत्काल समाधान वाली कार्यशैली अपनाई है। उन्होंने विज्ञान, तकनीक और रियल-टाइम डेटा को पालिसी और डिसिशन मेकिंग में सक्रिय रूप से शामिल किया है।

यह बदलाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित दिल्ली विजन का हिस्सा है,



जिसे मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में जमीन पर साकार किया जा रहा है। दिल्ली एनवायरनमेंट एक्शन प्लान 2025-जिसमें एनफोर्समेंट, सड़क सफाई, कचरा प्रबंधन और एंटी-डस्ट ऑपरेशन शामिल हैं-अब वास्तविक, स्थायी असर दिखा रहा है।

**पिछले 24 घंटों में:**

11,410 मीट्रिक टन कचरा हटाया गया, 6,475 किमी सड़कों की सफाई, 1,350+ किमी सड़कों पर पानी का छिड़काव (कुल 708 किलोलीटर पानी इस्तेमाल), 2,510 मीट्रिक टन C&D वेस्ट (निर्माण व मलबा) साफ किया गया।

हम दिल्ली को अपने बच्चों के लिए एक स्वच्छ और स्वस्थ शहर बना रहे हैं। यह प्रोग्रेस कोई संयोग नहीं है-यह हर दिन की मेहनत, निगरानी और बेहतर तालमेल का नतीजा है। अब इसे परमानेंट बनाना है-मनजिंदर सिंह सिरसा।

# डॉ. पंकज कुमार सिंह ने बापरोला गांव से हरफूल विहार पूल वाली सड़क के निर्माण कार्य की शुरूआत की

संजना भारती संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने विकासपुरी विधानसभा के हरफूल विहार, बापरोला गांव, प्रशांत एनक्लेव से लेकर बजरंग चौक तक रहने वाले स्थानीय लोगों की जर्जर सड़कों को शानदार, सुरक्षित और चमचमाती सड़क बनाने की वर्षों पुरानी मांग को पूरा कर दिया। माननीय मंत्री ने इस अवसर पर बापरोला गाँव से हरफूल विहार पुल वाली सड़क के निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया क्योंकि इसी रास्ते का उपयोग बच्चे अपने स्कूल जाने के लिए करते हैं।

कैबिनेट मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने हरफूल विहार से बापरोला गांव को जोड़ने वाली पूल वाली सड़क के निर्माण कार्य की शुरूआत की। जिसके बाद मौके पर मौजूद इलाके के हजारों लोगों ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए डॉ. पंकज कुमार सिंह को दिल खोलकर धन्यवाद दिया।

हरफूल विहार से बापरोला गांव को जोड़ने वाली सड़क के निर्माण काम की शुरूआत करने के बाद कैबिनेट मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि पिछली सरकार की नाकामियों के चलते यह सड़क लंबे समय से टूटी पड़ी हुई थी, जिससे इलाके में रहने वाले स्थानीय लोगों को रोजाना आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। हरफूल विहार से बापरोला गांव को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण का काम आज से शुरू हो जाने से इलाके में रहने वाले लोगों को बहुत जल्द ही शानदार चमचमाती और सुरक्षित सड़क लोगों को मिल जाएगी। मंत्री महोदय ने कहा कि विकासपुरी विधानसभा में रहने वाले लाखों लोगों के सर्वांगीण विकास करने और नागरिकों को शानदार सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए मैं रात-दिन काम करने में जुटा हूं। प्रत्येक नागरिक को



सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं जल्द से जल्द मिल सके इसके लिए मेरा प्रयास लगातार जारी है। सड़क निर्माण कार्य की शुरूआत करने के बाद कैबिनेट मंत्री डॉक्टर पंकज सिंह ने कहा कि सड़क का निर्माण का कार्य पूरा हो जाने के बाद बापरोला गांव जी-2 जल विहार, प्रशांत एनक्लेव, बजरंग चौक से लेकर हरफूल विहात तक में रहने वाले दिल्ली के नागरिकों को सीधा लाभ पहुंचेगा। साथ ही इलाके में कई प्राइवेट और सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले करीब 3000 से 3500 स्कूली बच्चों को भी रोजाना सुरक्षित और सुगम यात्रा का लाभ मलेगा।

सड़क निर्माण कार्य की शुरूआत करने के साथ ही आज कैबिनेट मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने विकासपुरी विधानसभा इलाके में ग्रीन दिल्ली, क्लीन दिल्ली अभियान को नई गति प्रदान करने के लिए एक साथ सैकड़ों पेड़ लगाए। मंत्री महोदय ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विकासपुरी विधानसभा इलाके में सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में 501 हरे-भरे पेड़ लगाए गए। अभियान के तहत 501 पेड़ लगाने के बाद डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि यह सिर्फ पेड़ नहीं हैं, बल्कि हर मां के आशीर्वाद और पर्यावरण के प्रति हमारी सरकार की जिम्मेदारी का भी प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि एक पेड़ मां के नाम के इस शानदार पहल को और भी ज्यादा व्यापक बनाएंगे और इलाके को और अधिक हरा-भरा बनाने के लिए भविष्य में हजारों हरे-भरे पेड़ लगाएं जाएंगे।

मंत्री महोदय ने विकासपुरी विधानसभा में रहने वाले नागरिकों के साथ प्रत्येक दिल्लीवासी से गुजारिश की है कि दिल्ली सरकार की इस खास मुहिम में सभी लोग सहभागी बनें और कम से कम एक पेड़ मां के नाम पर जरूर लगाएं। ताकि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का दिल्ली को विकसित भारत की विकसित राजधानी बनाने का सपना जल्द से जल्द साकार हो सके। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार दिल्ली के चहुमुखी विकास करने और दिल्ली के हर नागरिकों के लिए उनके सपनों की दिल्ली बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबंद्ध है।

# जिला स्तरीय निरंकारी बाल समागम का आयोजन

## ■ समागम का विशेष आकर्षण केंद्र रहा 'बाल प्रदर्शनी'

संजना भारती संवाददाता

**मोतिहारी।** संत निरंकारी मंडल के ब्रांच मोतिहारी में ज्ञान बाबू चौक स्थित भवानी मंडप में रविवार को जिला स्तरीय निरंकारी बाल समागम का आयोजन संपन्न हुआ। इस बाल समागम में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से आध्यात्मिक संदेश दिया गया।

इस समागम का विशेष आकर्षण केंद्र बाल प्रदर्शनी रहा। इसमें नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अपने सतगुरु की सिखलाई अनुसार सामाजिक कार्यों जैसे रक्तदान, वृक्षारोपण (वननेस-वन), सफाई अभियान, जल बचाओ अभियान (अमृत प्रोजेक्ट) आदि का संदेश गीत, विचार, भजन, कव्वाली, क्विज, नाटक एवं पेंटिंग के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस जिला स्तरीय बाल समागम में मोतिहारी, मुजफरपुर, चकिया, रक्सौल सहित जिले के कई अन्य जगहों के बच्चों ने भी भाग लिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महात्मा दिलीप कुमार (क्षेत्रीय संचालक सह ज्ञान प्रचारक, मुजफ्फरपुर) ने अपने आशीष भरे वचनों में कहा कि वास्तव में साध संगत ही गुरुमत की पाठशाला होती है। इसीलिए सभी अभिभावकों को अपने बच्चों को बचपन से ही आध्यात्म से जोड़ना चाहिए ताकि उनके मस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा एवं विचारों का संचार बचपन से ही हो क्योंकि छोटे बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होते है, उन्हें हम जैसा बनाना चाहें वैसा बना सकते है। हमें बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ नैतिक मूल्यों एवं आध्यात्म की शिक्षा भी अवश्य देनी चाहिए। साथ में मोतिहारी ब्रांच के मुखी महात्मा गणेश प्रसाद ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर






सम्मानित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मोतिहारी के सेवादल अधिकारी महात्मा ललन सोनी, बहन राखी, बहन आरती, बहन नवनीति सहित महात्मा अभिमन्यु एवं महात्मा अभिषेक का बिशेष योगदान रहा।

## अतिथि देवो भव: की परम्परा के भाव के अनुरूप हो शहरी निकायों का राष्ट्रीय सम्मेलन: हरविंद्र कल्याण

एसबी संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि हरियाणा में पहली बार शहरी स्थानीय निकायों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हो रहा है। राष्ट्रीय महत्व के इस सम्मेलन में आने वाले डेलिगेट्स गुरुग्राम से अच्छा अनुभव लेकर लौटें, इसके लिए पूरा आयोजन अतिथि देवों भव: की परम्परा के भाव के साथ आयोजित होना चाहिए। उन्होंने यह बात रविवार की शाम राष्ट्रीय शहरी स्थानीय निकाय सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा के लिए गुरुग्राम के इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी (आई-कैट), मानेसर में लोकसभा, हरियाणा विधानसभा एवं जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान कही। शहरी विकास की रूपरेखा तय करने का यह महत्वपूर्ण सम्मेलन जुलाई माह के पहले सप्ताह में 3 व 4 तारीख को आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर के राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से 500 से अधिक प्रतिनिधि (डेलिगेट्स) भाग लेंगे। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष कल्याण ने बताया कि इस सम्मेलन की मेजबानी हरियाणा विधानसभा को सौंपे जाने से प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी कार्यप्रणाली और आतिथ्य परंपरा को प्रदर्शित करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि देश में यह अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है। हरियाणा का खानपान और सेवाभाव देशभर में प्रसिद्ध है। इस सम्मेलन में जब देश के कोने-कोने से प्रतिनिधि हरियाणा आएंगे, तो हम उन्हें केवल प्रशासनिक दक्षता ही नहीं, बल्कि एक सजीव, सशक्त और सुसंस्कृत हरियाणा का अनुभव कराएंगे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय महत्व के इस सम्मेलन में शहरी विकास की रुपरेखा पर व्यापक चर्चा होगी। साथ ही सभी डेलिगेट्स के ठहरने की व्यवस्था गुरुग्राम में होने से सांस्कृतिक आदान-प्रदान व आपसी सहयोग की भावना भी बढ़ेगी। बैठक में जानकारी दी गई कि दिल्ली एयरपोर्ट और नई दिल्ली एवं गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर लोकसभा सचिवालय के सहयोग से हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे।

# सम्पादकीय

## असीम मुनीर ने पाकिस्तान की बदल डाली विदेश नीति

**पाकिस्तान** का फील्ड मार्शल बनने के बाद कट्टरपंथी सेनाध्यक्ष असीम मुनीर का पहला अमेरिकी दौरा पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बना रहा क्योंकि इससे पहले किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने किसी देश के सेनाध्यक्ष को व्हाइट हाउस में लंच पर नहीं बुलाया था। वह भी ऐसे देश के सेनाध्यक्ष को जिसके तार अमेरिका और भारत समेत दुनिया के विभिन्न देशों में हुए तमाम आतंकवादी हमलों से सीधे जुड़े हुए हैं। पाकिस्तान के करीब आने के अमेरिका के कारण जो भी हों मगर यह तो साफ दिख ही रहा है कि दोनों देशों के संबंध इस समय वैश्विक सुर्खियों में हैं। यह भी देखने को मिल रहा है कि अमेरिका के बदले हुए मन से उपजे अवसरों का पूरा लाभ लेने के लिए पाकिस्तान की सरकार और सेना इस समय काफी सक्रिय नजर आ रही है। असीम मुनीर और शहबाज शरीफ को दिन-रात अरबों डॉलर के सपने ही दिख रहे हैं इसलिए वह अमेरिका की जी-हुजूरी में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। हम आपको बता दें कि पाकिस्तान की वैश्विक छवि को नया आकार देने और वॉशिंगटन के साथ संबंधों को मजबूत करने के प्रयासों के तहत, पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल जनरल सैयद आसिम मुनीर ने अमेरिका की अपनी एक सप्ताह लंबी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत कई महत्वपूर्ण अमेरिकी अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठकें कीं। मुनीर ने अमेरिकी रणनीतिक विशेषज्ञों, थिंक टैंकों और अंतरराष्ट्रीय मीडिया प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा ISPR के अनुसार, यह दौरा एक "सुनियोजित कूटनीतिक प्रयास" था, जिसमें जनरल मुनीर ने वैश्विक और क्षेत्रीय हालात पर पाकिस्तान के "सिद्धांत आधारित दृष्टिकोण" को साझा किया। मुनीर के अमेरिका दौरे के दौरान यह बात भी उभर कर आई कि सेनाध्यक्ष ने अपने देश की विदेश नीति को ही पूरी तरह बदल कर रख दिया है। पाकिस्तान को हालांकि एक डर सता रहा है कि अमेरिका के ज्यादा करीब जाने से कहीं चीन ना नाराज हो जाये जोकि उसका मुश्किल समय का पुराना साथी है। इसीलिए पाकिस्तान ने तुरंत अपने एक वरिष्ठ अधिकारी को बीजिंग भी भेज दिया था ताकि चीन-पाक-बांग्लादेश गठजोड़ बना कर पुराने दोस्त को दोस्ती बरकरार रहने का विश्वास दिलाया जा सके। मुनीर के अमेरिका दौरे पर और विस्तार से नजर डालें तो एक बात यह भी उभर कर आती है कि उन्होंने हाल के भारत-पाक सैन्य टकराव के दौरान पाकिस्तानी सेना के शौर्य को खूब बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया। जनरल मुनीर ने पाकिस्तान की आतंकवाद विरोधी रणनीति को रेखांकित करते हुए "मारका-ए-हक" और "ऑपरेशन बुंयानुम मर्सूस" जैसे सैन्य अभियानों का हवाला दिया। पाकिस्तान की इमेज का मेकओवर करने के प्रयास में उन्होंने अपने देश की भूमिका को "आतंक के खिलाफ वैश्विक युद्ध में अग्रणी राष्ट्र" बताया और इस संघर्ष में जान गंवाने वाले सैनिकों व नागरिकों की कुर्बानियों को याद किया। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, बिना भारत का नाम लिए, उन्होंने "कुछ क्षेत्रीय शक्तियों द्वारा आतंकवाद को हाइब्रिड युद्ध के औजार के रूप में इस्तेमाल करने" के खिलाफ चेतावनी दी। हम आपको बता दें कि यह एक ऐसा बयान है जिसके जरिये पाकिस्तान अक्सर कूटनीतिक भाषा में भारत की ओर इशारा करता है। इसके अलावा, आर्थिक अवसरों पर जोर देते हुए मुनीर ने पाकिस्तान की आईटी, कृषि और खनिज संपदा में मौजूद निवेश के अवसरों को उजागर करते हुए इन्हें "संयुक्त समृद्धि के इंजन" बताया और वैश्विक निवेशकों को आमंत्रित किया। मुनीर ने अमेरिका और पाकिस्तान के बीच सुरक्षा-आधारित पारंपरिक रिश्तों को रणनीतिक साझेदारी में बदलने की वकालत भी की, जिसमें आपसी सम्मान और हितों की संगति हो। साथ ही, आतंकवाद विरोधी सहयोग और आर्थिक विकास के पुराने रिश्तों को विस्तार देने की बात की। मुनीर के अमेरिका दौरे के राजनयिक संदेश और भू-राजनीतिक संकेत की बात करें तो आपको बता दें कि इस दौरे को ऐसे समय पर देखा जा रहा है जब पाकिस्तान बड़ी वैश्विक शक्तियों के साथ अपने संबंधों को पुनर्स्थापित करने की कोशिश कर रहा है। भारत के अमेरिका के साथ बढ़ते सामरिक संबंध, अफगानिस्तान की अस्थिरता और आर्थिक संकट की पृष्ठभूमि में, इस दौरे को पाकिस्तान की ओर से "विश्वसनीय और ज़िम्मेदार क्षेत्रीय शक्ति" के रूप में अपनी स्थिति पुनः स्थापित करने का प्रयास माना जा रहा है।

## जयंती

### वीरभद्र सिंह

जन्म: 23 जून, 1934; मृत्यु- 8 जुलाई, 2021) हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। वीरभद्र सिंह तीसरी, चौथी, पाँचवी, सातवीं और पंद्रहवीं लोकसभा के सदस्य चुने गये। मनमोहन सिंह के नेतृत्व में 28 मई, 2009 को इस्पात मंत्री बनाए गये थे। राजनीति के अलावा वीरभद्र सिंह ने विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक निकायों के साथ भागीदारी की है। वह संस्कृत साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष और सोवियत संघ के मित्र की हिमाचल प्रदेश शाखा के अध्यक्ष रहे हैं।

## पुण्यतिथि

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी

जन्म-6 जुलाई, 1901, कोलकाता; मृत्यु-23 जून, 1953) एक महान शिक्षाविद और चिन्तक होने के साथ-साथ भारतीय जनसंघ के संस्थापक भी थे। उन्हें आज भी एक प्रखर राष्ट्रवादी और कट्टर देशभक्त के रूप में याद किया जाता है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांतों के पक्के इंसान थे। संसद में उन्होंने सदैव राष्ट्रीय एकता की स्थापना को ही अपना प्रथम लक्ष्य रखा था। संसद में दिए अपने भाषण में उन्होंने पुरजोर शब्दों में कहा था कि 'राष्ट्रीय एकता के धरातल पर ही सुनहरे भविष्य की नींव रखी जा सकती है।' भारतीय इतिहास में उनकी छवि एक कर्मठ और जुझारू व्यक्तित्व वाले ऐसे इंसान की है, जो अपनी मृत्यु के इतने वर्षों बाद भी अनेक भारतवासियों के आदर्श और पथप्रदर्शक हैं।

## कल मिलेंगे

**टीचर**-'संगठन में ही शक्ति है' का एक अच्छा सा उदाहरण दो?
**छात्र**-जेब में एक बीड़ी हो तो टूट जाती है और पूरा बंडल हो तो नहीं टूटता.
मास्टर जी बेहोश.

## संजना भारती दैनिक

**भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।

**RNI No. : DELHIN/2016/70240**

**Phone No.: 9871221635**

**E-mail ID:** sanjanabharati16@gmail.com

(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

# आखिर कनाडा-भारत के बीच सुधरते रिश्ते के वैश्विक मायने क्या हैं?

**-कमलेश पांडेय**

**भारत लंबे समय से कनाडा पर खालिस्तानी अलगाववादियों को लेकर नरम रवैया अपनाने का आरोप लगाता रहा है। लेकिन अब कनाडा सरकार की इस आधिकारिक रिपोर्ट ने भारत की शिकायत को सही ठहराया है। बहरहाल, सीएसआईएस ने भी यह मान लिया है कि पाकिस्तान, कनाडा की धरती से भारत के खिलाफ जारी गतिविधियों को बढ़ावा देने में लगा हुआ है**

**कनाडा-भारत** के बीच सुधरते रिश्ते दोनों देशों के लिए परस्पर लाभदायी हो सकते हैं, क्योंकि दोनों देश अमेरिका जैसे अंतरराष्ट्रीय महाशक्ति के निशाने पर हैं। एक ओर जहां कनाडा को अमेरिका अपने राज्य में मिलाना चाहता है, वहीं दूसरी ओर भारत को अमेरिका विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर नीचा दिखाना चाहता है, ताकि उसकी वैश्विक दादागिरी बरकरार रहे। चूंकि भारत और कनाडा के रिश्तों में एक नया मोड़ आ गया है और लगभग दो साल की तनातनी के बाद, कनाडा ने एक बड़ा खुलासा किया है।

कनाडा की खुफिया एजेंसी सीएसआईएस ने स्वीकार किया है कि कनाडा में बैठे खालिस्तानी चरमपंथी (आतंकवादी) भारत के खिलाफ हिंसा, प्रचार और फंड इकट्ठा करने के लिए उसकी धरती का इस्तेमाल कर रहे हैं। खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि खालिस्तानी चरमपंथी (अलगाववादी) कनाडा से भारत के खिलाफ गतिविधियां चला रहे हैं। साल 1980 के दशक से ही कनाडा स्थित खालिस्तानी चरमपंथियों ने हिंसक तरीके से पंजाब में एक स्वतंत्र सिख राज्य बनाने के लिए अभियान चलाया है।

इस रिपोर्ट में 1985 के एयर इंडिया बम धमाके का भी जिक्र है। जिससे भारत के उस दावे को बल मिला है, जिसमें वह कहता रहा है कि कनाडा आतंकवादियों को पनाह दे रहा है। उरक्र ने यह खुलासा किया कि पाकिस्तान, कनाडा में भारत के प्रभाव को कम करने की कोशिश कर रहा है। यह भारत के लिए एक कूटनीतिक जीत है। इससे यह साफ होता है कि भारत के विरोधी देश, दूसरे देशों की जमीन का इस्तेमाल कर रहे हैं।

दरअसल, यह बात तब सामने आई है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के पीएम मार्क कार्नी की गत दिनों कनाडा में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात हुई और आपसी द्विपक्षीय रिश्तों को पुनः पटरी पर लाने के लिए बहुत ही सकारात्मक माहौल में बात हुई। इससे पहले कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी ने मोदी के साथ मुलाकात को 'आधारभूत' बताया था। इसका मतलब है कि दोनों देश पिछली बातों को भूलकर आगे बढ़ना चाहते हैं। हालांकि, भारत पिछली बातों को भूलने वाला नहीं है। यही वजह है कि दोनों देशों के बीच में कई रणनीतिक करार भी किये गए हैं, ताकि आपसी भरोसा और कारोबार दोनों बढ़े। इस हेतु राजदूतों की भी नियुक्ति कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि भारत लंबे समय से कनाडा पर खालिस्तानी अलगाववादियों को लेकर नरम रवैया अपनाने का आरोप लगाता रहा है। लेकिन अब कनाडा सरकार की इस आधिकारिक रिपोर्ट ने भारत की शिकायत को सही ठहराया है। बहरहाल, सीएसआईएस ने भी यह मान लिया है कि पाकिस्तान, कनाडा की धरती से भारत के खिलाफ जारी गतिविधियों को बढ़ावा देने में लगा हुआ है। बता दें कि पीएम मोदी की कनाडा यात्रा के दौरान खालिस्तानी समूहों ने उनको लेकर धमकियां देने तक की हिमाकत की थी।

ऐसे में सीधा सवाल उठता है कि क्या बिना कनाडा में उनसे सहानुभूति रखने वालों के शह और पाकिस्तान की बैकिंग के वह इतनी हिम्मत कभी जुटा पाते? इसलिए पूरक प्रश्न यही है कि जब कनाडा ने मान लिया कि पाकिस्तान-खालिस्तानियों की जुगलबंदी से उसकी धरती से भारत के खिलाफ हिंसक साजिशों को अंजाम दिया जा रहा है तो फिर उससे भारत क्या उम्मीदें कर सकता है? यही न कि कनाडा आतंकवादियों को भारत के हवाले करे, खालिस्तानी नेटवर्क को पूरी तरह से खत्म करे और अलगाववाद को आतंकवाद माने। वहीं, इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि, "भारतीय अधिकारी जिनमें उनके कनाडा स्थित प्रॉक्सी एजेंट भी शामिल हैं, वे कई तरह की गतिविधियों में शामिल हैं। उनका उद्देश्य कनाडाई समुदायों और राजनेताओं को प्रभावित करना है। इसमें दावा किया गया है कि जब ये गतिविधियां भ्रामक, गुप्त या धमकी देने वाली होती हैं, तो उन्हें विदेशी हस्तक्षेप माना जाता है। हालांकि, भारत पहले से ही कनाडाई अधिकारियों की ओर से लगाए जाने वाले इस तरह के आरोपों को खारिज करता रहा है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कनाडा के लिए सबसे बड़ा खुफिया खतरा चीन है। रिपोर्ट में इसके अलावा पाकिस्तान, रूस और ईरान का भी नाम लिया गया है।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हरदीप सिंह निज्जर मामले से भारत सरकार और आपराधिक नेटवर्क के बीच संबंधों का पता चला है। इसमें कहा गया कि खालिस्तानी उग्रवाद कनाडा में भारतीय विदेशी हस्तक्षेप गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है। भारत ने निज्जर की मौत में अपनी संलिप्तता से साफ इनकार किया है और कनाडा की ओर से लगाए गए हस्तक्षेप के आरोपों को भी खारिज किया है।

बता दें कि साल 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद दोनों देशों के संबंधों में तीखी तनातनी देखी गई थी। कनाडाई अधिकारियों ने इस हत्या को भारतीय सरकार के हस्तक्षेप से जोड़ा, जिसका भारत ने खंडन करते हुए इन आरोपों को बेतुका और निराधार बताया था। भारत ने इसके जवाब में कनाडा पर खालिस्तानी चरमपंथियों को पनाह देने और उनकी गतिविधियों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। यक्ष प्रश्न है कि अब पाकिस्तान के साथ खालिस्तानियों की जुगलबंदी का क्या होगा, क्योंकि आतंकवाद पर कनाडा के कबूलनामे को भारत की एक बड़ी जीत के रूप में देखा जा रहा है। चूंकि भारत और कनाडा के रिश्तों में बदलाव आया है, इससे खालिस्तानियों की बेचैनी बढ़ जाएगी। क्योंकि भारत ने कनाडा से साफ कहा है कि वह आतंकवादियों को सौंपे और खालिस्तानी नेटवर्क को खत्म करे। भारत ने 26 आतंकवादियों को सौंपने के लिए कहा है, जिनमें से सिर्फ 5 पर ही कार्रवाई हुई है। उम्मीद है कि इस मामले में कनाडा अब कार्रवाई करके दिखाएगा। इनमें अर्श डल्ला का मामला भी शामिल है, जिस पर भारत में 50 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। डल्ला को कनाडा की अदालत ने जमानत भी दे दी थी। भारत ने कनाडा से यह भी कहा है कि वह भगोड़ों को गिरफ्तार करे और रेड कॉर्नर नोटिस पर कार्रवाई करे। लेकिन, कई मामलों में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे भारत नाराज है।

हालांकि, कार्नी के लिए यह मुश्किल है कि वह कनाडा में खालिस्तान समर्थक सिखों को नाराज किए बगैर आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करें। कारण कि वर्ल्ड सिख ऑर्गनाइजेशन (हरड) जैसे संगठन कनाडा में काफी प्रभावशाली हैं। इसलिए, कनाडा के लिए आतंकवादियों पर कार्रवाई करना उतना आसान भी नहीं है। जस्टिन ट्रुडो की सरकार में तो इसीलिए ऐसे भारत-विरोधी संगठन पूरी तरह से हावी हो चुके थे। हालांकि, राजनीतिक रूप से कार्नी उनको लेकर इतने मोहताज भी नहीं हैं, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि भारतीय मूल के कनाडाई अलगाववादी वहां बहुत बड़े वोट बैंक बन चुके हैं। फिर भी, उम्मीद की किरण बची हुई है। क्योंकि दोनों देश आतंकवाद और संगठित अपराध से निपटने के लिए एक संयुक्त कार्य समूह बनाने पर बात कर रहे हैं।

दरअसल, बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत का संदेश साफ है, 'अब और ज्यादा दोहरा रवैया किसी भी देश का नहीं चलेगा।' भले ही कनाडा उदारवाद और बोलने की आजादी की बात करता है, लेकिन भारत के खिलाफ हिंसा करने वालों पर आंखें भी मूंदे नहीं रह सकता। यही वजह है कि कार्नी ने मोदी के साथ मुलाकात खत्म होते ही कहा, 'अभी बहुत काम करना बाकी है।' भारत के लिए यह एक बड़ी जीत है कि दोनों नेताओं की सीधी मुलाकात के बाद ही कनाडा की खुफिया एजेंसी भी अब भारत के दावों को स्वीकारने लगी है। एक तरह से यह कहा जा सकता है कि यह खालिस्तान समस्या का अंत तो नहीं है, लेकिन कनाडा की धरती पर इसकी शुरूआत हो चुकी है। स्पष्ट है कि यदि आप अमेरिका को कमजोर करना चाहते हैं तो कनाडा में आपकी स्थिति स्वाभाविक रूप से मजबूत होनी चाहिए। इससे आप अमेरिका की विभिन्न गतिविधियों पर नजर रख सकेंगे, लेकिन ऐसा आप खुल्लमखुल्ला नहीं कर सकते! बल्कि छिपे रुस्तम के तौर पर ही कर सकते हैं। प्रायः ऐसी घाती-प्रतिघाती रणनीति दुनिया के परस्पर प्रतिस्पर्धी देश अपने जासूसों और उनके नेटवर्क में शामिल लोगों के मार्फत बनाते-बनवाते ही रहते हैं। कुछ यही वजह है कि अमेरिका के प्रबल प्रतिद्वंद्वी देशों यथा- चीन, रूस, भारत, ईरान आदि देशों की अभिरुचि कनाडा में बढ़ चुकी है। हालांकि, कनाडा सरकार इससे सावधान भी है।

स्पष्ट है कि भारत और कनाडा के बीच बदलते रिश्तों से निम्नलिखित पांच बातें स्पष्ट होती दिखाई दे रही हैं, जिनके अपने वैश्विक मायने हैं। पहला, कनाडा की खुफिया एजेंसी (उरक्र) ने माना है कि खालिस्तानी चरमपंथी कनाडा की धरती का इस्तेमाल भारत के खिलाफ हिंसा फैलाने के लिए कर रहे हैं। दूसरा, सिख अलगाववादी समूहों की धमकियों के बावजूद, पीएम नरेंद्र मोदी की कनाडा यात्रा शांतिपूर्वक संपन्न हो गई, जो धमकियों पर कूटनीति की जीत करार दी जा सकती है। तीसरा, कनाडा की खुफिया रिपोर्ट में पाकिस्तान पर भी भारत-विरोधी एजेंडे में शामिल होने का आरोप लगाया गया है, जिससे पाकिस्तान एक बार फिर बेनकाब हुआ है। चतुर्थ, मोदी (भारत) और कार्नी (कनाडा) की मुलाकात को रिश्तों में सुधार के तौर पर देखा जा रहा है, लेकिन भारत को सिर्फ बातों से नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई से मतलब है। इससे साफ है कि दोनों देशों के रिश्ते में एक नई शुरूआत हुई है, लेकिन अनुभवजन्य शर्तों के साथ, यह बहुत बड़ी बात है।

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# एकात्म मानववाद का संदेशवाहक है योग

**-डॉ. शंकर सुवन सिंह**

**योग आलस्य और प्रमाद को दूर कर व्यक्ति को संतुलित करता है। संतुलन कर्मठता की निशानी है। योग्य व्यक्ति किसी भी कार्य के लिए उपयुक्त होता है। योग व्यक्ति को योग्य बनाता है। ऋग्वेद के ऐतरेय ब्राह्मण ग्रन्थ में चरैवेति शब्द का उल्लेख मिलता है। चरैवेति अर्थात चलते रहना, रुकना नहीं। हर स्थिति और परिस्थिति में आगे ही आगे बढ़ते चलने का नाम जीवन है**

**मानव** का प्रकृति से अटूट सम्बन्ध होता है। समाज प्रकृति की व्यवस्था पर टिका हुआ है। प्रकृति व मानव एक दूसरे के पूरक हैं। प्रकृति के बिना मानव की परिकल्पना नहीं की जा सकती। प्रकृति दो शब्दों से मिलकर बनी है-प्र और कृति। प्र अर्थात प्रकृष्टि (श्रेष्ठ) और कृति का अर्थ है रचना। ईश्वर की श्रेष्ठ रचना अर्थात सृष्टि। प्रकृति से सृष्टि का बोध होता है। प्रकृति अर्थात वह मूलत्व जिसका परिणाम जगत है। कहने का तात्पर्य प्रकृति के द्वारा ही समूचे ब्रह्माण्ड की रचना की गई है। प्रकृति दो प्रकार की होती है- प्राकृतिक प्रकृति और मानव प्रकृति। प्राकृतिक प्रकृति में पांच तत्व-पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश शामिल हैं। मानव प्रकृति में मन, बुद्धि और अहंकार शामिल हैं। प्रकृति और मनुष्य के बीच बहुत गहरा संबंध है। मनुष्य के लिए प्रकृति से अच्छा गुरु नहीं है। पृथ्वी मां स्वरुप है। प्रकृति जीवन स्वरुप है। पृथ्वी जननी है। प्रकृति पोषक है। पृथ्वी का पोषण प्रकृति ही पूरा करती है। जिस प्रकार माँ के आँचल में जीव जंतुओं का जीवन पनपता या बढ़ता है तो वहीं प्रकृति के सानिध्य में जीवन का विकास करना सरल हो जाता है। पृथ्वी जीव जंतुओं के विकास का मूल तत्व है। प्रकृति के बिना मनुष्य का जीवन संभव नहीं है। मानव या व्यक्ति समाज की एक इकाई है। कई व्यक्तियों का समूह समाज कहलाता है। मानवता का एकीकृत होना ही एकात्म मानववाद है। मानवता एकता का प्रतीक है। एकता अखण्डता को दशार्ती है। योग भारत की अक्षुण्ण एकता का परिचायक है। शरीर और आत्मा का एकीकरण मानवता को जन्म देता है। योग शरीर को आत्मिक अनुभूति प्रदान करता है। स्व के साथ अनुभूति ही दर्शन कहलाता है। एकात्म मानववाद दर्शन का ही हिस्सा है।

एकात्म मानववाद विचारधारा के जनक/प्रस्तावक पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी थे। एकात्म मानववाद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मार्गदर्शक दर्शन है। योग अपनेपन को विकसित करता है। अपनापन, अकेलापन को दूर करता है। अपनापन का शाब्दिक अर्थ है- आत्मीयता । आत्मीयता अर्थात अपनी आत्मा के साथ मित्रता। कहने का तात्पर्य- मनुष्य कभी अकेला नहीं होता है। मनुष्य जब नकारात्मक विचारों से ग्रसित होता है तो वह आत्मीयता अनुभव नहीं करता है। नकारात्मकता अकेलेपन को जन्म देती है। सकारात्मकता अपनेपन को जन्म देती है। अपनापन ही अकेलापन को दूर करता है। भीड़ में शामिल होने से हम अपने को अपने आप से अलग करते हैं ।भीड़ में शामिल होना अर्थात अपने को अपने आप से अलग करना हुआ। अलग होना आत्मीयता के लक्षण नहीं हैं। अपने आप को अपने से अलग करके कभी भी अकेलापन दूर नहीं किया जा सकता है। अतएव अपनी आत्मीयता को बनाए रखें। जिससे जीवन में अकेलेपन का अनुभव न हो। कोई भी व्यक्ति इस धरती पर अकेला नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति भौतिक रूप से भौतिक संसाधनो व चारो ओर के आवरण से घिरा हुआ है। देखा जाए तो भौतिक रूप से भी व्यक्ति अकेला नहीं है। अतएव हम कह सकते हैं कि कोई भी व्यक्ति न तो आध्यात्मिक रूप से अकेला है और न ही भौतिक रूप से। योग से रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। योग रोग को खत्म करता है। अयोग्य वह है जो असंतुलित है। असंतुलन आलस्य की निशानी है। आलसी व्यक्ति असंतुलित होता है। अयोग्य व्यक्ति किसी भी कार्य के लिए अनुपयुक्त होता है।

योग आलस्य और प्रमाद को दूर कर व्यक्ति को संतुलित करता है। संतुलन कर्मठता की निशानी है। योग्य व्यक्ति किसी भी कार्य के लिए उपयुक्त होता है। योग व्यक्ति को योग्य बनाता है। ऋग्वेद के ऐतरेय ब्राह्मण ग्रन्थ में चरैवेति शब्द का उल्लेख मिलता है। चरैवेति अर्थात चलते रहना, रुकना नहीं। हर स्थिति और परिस्थिति में आगे ही आगे बढ़ते चलने का नाम जीवन है। जिस प्रकार बहते हुए जल में पवित्रता बनी रहती है उसी प्रकार निरंतर चलने वाले व्यक्ति में कर्मठता बनी रहती है। अयोग्यता ठहराओ के सिद्धांत पर आधारित है। अयोग्य व्यक्ति ठहरे हुए जल के समान है जबकि योग्य व्यक्ति बहते हुए जल के समान है। योग आंतरिक शांति या मन की शांति बनाए रखता है, जो मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य है। योग से शांति, सामंजस्यता और शालीनता का विकास होता है। योग आत्मनिर्भरता के मार्ग को प्रशस्त करता है। आत्मनिर्भरता, रामराज्य की परिकल्पना पर आधारित है। हिन्दू संस्कृति में राम द्वारा किया गया आदर्श शासन रामराज्य के नाम से प्रसिद्ध है।

प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2025 में 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है । 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम/प्रसंग है- एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य। अर्थात पृथ्वी पर बसने वाले सभी मानव स्वस्थ्य हो और उनकी काया निरोगी हो। योग का स्वास्थ्य से घनिष्ठ सम्बन्ध है। योग से शरीर में नवीन ऊर्जा का संचार होता है। यही नवीन ऊर्जा हमारे शरीर में नई कोशिकाओं का निर्माण करती हैं। शरीर को पुनर्निर्मित करने का काम योग का है। योग से एकात्म मानववाद का विस्तार होता है। अतएव योग वसुधैव कुटुंबकम (पूरा विश्व एक परिवार है) के दर्शन को फलीभूत करता है। योग से पूरा विश्व स्वस्थ्य होगा। एक स्वस्थ्य विश्व ही विश्व की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा। अतः यह कहने में अतिश्योक्ति नहीं होगी कि पूरे विश्व का स्वास्थ्य वैश्विक सम्पदा का आधार है। एक स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ्य मस्तिष्क का वास होता है। स्वस्थ्य मस्तिष्क नशे जैसी आदतों से दूर रहता है। स्वस्थ्य मस्तिष्क स्वस्थ्य समाज की रीढ़ है। मानवता स्वस्थ्य मस्तिष्क में ही जन्म लेती है। एकात्म मानववाद की विचारधारा पूरे विश्व को मानवता का पाठ पढ़ाती है। यदि पूरे विश्व की मानवता एक साथ एक मंच पर खड़ी हो जाए तो विश्व स्वर्ग हो जाएगा। इस्राइल-ईरान और रूस-यूक्रेन युद्ध अस्वस्थ्य विचारधारा का परिणाम है। मानवता जंग करना नहीं सिखाती। मानवता मानव के साथ प्रेम करना सिखाती है। एकात्म मानववाद एक स्वस्थ्य विचारधारा है। अतएव हम कह सकते हैं कि योग, एकात्म मानववाद का संदेशवाहक है।

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

# ईरान को परमाणु हथियार देने को तैयार कई देश!

**(एजेन्सी)।**

**रूस** के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने दावा किया है कि ईरानी परमाणु ठिकानों पर हाल ही में हुए अमेरिकी हवाई हमलों के बाद, कई देश अब ईरान को परमाणु हथियार मुहैया कराने को तैयार हैं। मेदवेदेव ने X (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट की एक श्रृंखला में कहा कि इस्फहान, नतांज और फोर्डो में स्थित स्थलों को निशाना बनाने वाला अमेरिकी अभियान अपने उद्देश्य में विफल रहा है, और वास्तव में इसका विपरीत परिणाम हुआ है। इस बीच, ईरान ने रूस से समर्थन मांगा है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इस संबंध में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत करने के लिए मास्को जाने की घोषणा की है।

दिमित्री मेदवेदेव ने, जो वर्तमान में रूस की सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं, फोर्डो, नतांज और इस्फहान में ईरान की परमाणु सुविधाओं पर अमेरिकी हवाई हमलों की प्रभावशीलता पर सवाल उठाया है। उन्होंने पूछा, 'ईरान में तीन परमाणु साइटों पर अपने रात के हमलों से अमेरिकियों ने क्या हासिल किया है?' मेदवेदेव का दावा है कि इन हमलों से 'परमाणु ईंधन चक्र का महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा अप्रभावित प्रतीत होता है या केवल मामूली क्षति हुई है।' उन्होंने आगे कहा कि 'परमाणु सामग्री का संवर्धन और अब हम इसे स्पष्ट रूप से कह सकते हैं, परमाणु हथियारों का भविष्य का उत्पादन जारी रहेगा।' मेदवेदेव ने अपनी आलोचना को बढ़ाते हुए एक चौंकाने वाला दावा किया, 'कई देश ईरान को सीधे अपने परमाणु हथियार आपूर्ति करने के लिए तैयार हैं।' उन्होंने हालांकि इन देशों का नाम नहीं लिया। यह बयान अमेरिकी अभियान के कई अनपेक्षित परिणामों में से एक है, जिसके बारे में मेदवेदेव का कहना है कि यह न केवल सैन्य रूप से बल्कि राजनीतिक रूप से भी विफल रहा है। मेदवेदेव ने तर्क दिया कि इन हमलों ने ईरान के राजनीतिक शासन को और मजबूत किया है। उन्होंने लिखा, 'ईरान का राजनीतिक शासन बच गया है और सभी संभावनाओं में, और भी मजबूत हो गया है।' उनका मानना है कि हमलों ने ईरान में घरेलू समर्थन को मजबूत करने में मदद की है, जिससे 'लोग देश के आध्यात्मिक नेतृत्व के इर्द-गिर्द एकजुट हो रहे हैं, जिनमें वे लोग भी शामिल हैं जो पहले इसके प्रति उदासीन या विरोधी थे।'

# भारत में बलात्कार और हिंसा का हवाला देकर अमेरिका ने जारी की ट्रैवल एडवाइजरी

**(एजेन्सी)।**

**अमेरिकी** विदेश विभाग ने भारत में रहने वाले अमेरिकी नागरिकों और कामगारों के लिए लेवल 2 की ट्रैवल एडवाइजरी जारी कर एक बार फिर बहस छेड़ दी है। इस चौंकाने वाले फैसले में, अमेरिका ने अपने नागरिकों, विशेषकर महिलाओं को, भारत में किसी भी पर्यटन स्थल या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर 'अधिक सावधानी बरतने' की सलाह दी है। विदेश विभाग ने अपनी एडवाइजरी में भारत में बलात्कार, हिंसा और आतंकवाद की घटनाओं में वृद्धि का हवाला दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने 16 जून को अपनी ट्रैवल एडवाइजरी को अपडेट करते हुए भारत में अपने नागरिकों को 'अधिक सावधानी बरतने' की सलाह दी है। इस एडवाइजरी में अपराध और आतंकवाद को मुख्य कारण बताया गया है, जहाँ कुछ क्षेत्रों में जोखिम को 'अधिक' बताया गया है। एडवाइजरी के अनुसार, 'भारत में हिंसक अपराध और आतंकवाद होते हैं।' इसमें विशेष रूप से कहा गया है कि बलात्कार भारत में सबसे तेजी से बढ़ते अपराधों में से एक है। यौन उत्पीड़न सहित हिंसक अपराध पर्यटक स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी होते हैं। आतंकवाद के खतरे पर प्रकाश डालते हुए, अमेरिका ने अपने नागरिकों से पर्यटक स्थलों, परिवहन केंद्रों, बाजारों/शॉपिंग मॉल और सरकारी सुविधाओं से बचने का आग्रह किया है, क्योंकि ये आतंकवादी हमलों के लिए संवेदनशील माने जाते हैं। जम्मू-कश्मीर के केंद्र शासित प्रदेश के लिए विशेष चेतावनी जारी की गई है, जहाँ आतंकवाद और नागरिक अशांति के कारण यात्रा न करने की सलाह दी गई है (पूर्वी लद्दाख क्षेत्र और लेह को छोड़कर)। विदेश विभाग ने कहा, "इस क्षेत्र में आतंकवादी हमले और हिंसक नागरिक अशांति संभव है। हिंसा छिटपुट रूप से होती है और भारत-पाकिस्तान के बीच नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर आम है। कश्मीर घाटी के पर्यटन स्थलों जैसे श्रीनगर, गुलमर्ग और पहलगाम में भी हिंसा होती है।"

# राजनीति में दिलचस्पी नहीं लेकिन टीम इंडिया का कोच बनने के लिए तैयार-सौरव गांगुली

**(एजेन्सी)।**

**भारतीय** क्रिकेट को एक नया आयाम देने वाले पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने स्पष्ट रूप से राजनीति में जाने से इनकार किया है। लेकिन उन्होंने ये जरूर कहा है कि वह टीम इंडिया की कोचिंग करने के लिए तैयार हैं। गांगुली, जो जुलाई में 53 वर्ष के हो जाएंगे, 2018-19 से 2022-24 तक आईपीएल की टीम दिल्ली कैपिटल्स के डायरेक्टर भी रहे हैं। वहीं गांगुली ने पीटीआई से बात करते हुए कहा कि, मैंने इस बारे में कभी सोचा नहीं, क्योंकि मैं अलग-अलग भूमिकाओं में व्यस्त हो गया। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह भारत की कोचिंग करना चाहेंगे? तो इसके जवाब में उन्होंने कहा कि, मैंने 2013 में क्रिकेट खेलना बंद किया और फिर बीसीसीआई अध्यक्ष बन गया। जब उनसे पूछा गया कि अगर वह टीम इंडिया के कोच बनते तो ज्यादा योगदान दे सकते थे, इस पर उन्होंने कहा कि, आगे क्या होता है देखेंगे। मैं अभी सिर्फ 50 का हूं- तो देखते हैं क्या होता है। मैं इसके लिए तैयार हूं, आगे देखते हैं दिशा क्या होती है। हालांकि, उन्होंने ये साफ कर दिया कि राजनीति में जाने का कोई इरादा नहीं है।

वहीं जब गांगुली से पूछा गया कि क्या वह 2026 में होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले किसी राजनीतिक दल में शामिल होंगे, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि, मुझे इसमें दिलचस्पी नहीं है। अगर उन्हें मुख्यमंत्री बनने की पेशकश की जाए तो? उन्होंने फिर दोहराया कि मुझे इसमें दिलचस्पी नहीं है। साथ ही गांगुली ने टीम इंडिया के मौजूदा हेड कोच गौतम गंभीर की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी जीत के बाद बतौर कोच उनका अच्छा प्रदर्शन रहा है।

# शराब उद्योग को बीते वित्त वर्ष के झटके के बाद चालू साल बेहतर रहने की उम्मीद

**(एजेन्सी)।**

**देश** का शराब उद्योग बीते वित्त वर्ष के झटके के बाद 2025-26 का साल बेहतर रहने की उम्मीद कर रहा है। सुला वाइनयार्ड्स लिमिटेड की वार्षिक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू वृहद माहौल अब सामान्य हो गया है जिससे चालू वित्त वर्ष बेहतर रहने की उम्मीद है। बीते वित्त वर्ष में शराब की शहरी खपत में सुस्ती आई थी। रिपोर्ट के अनुसार, शहरी खपत में सुस्ती का प्रभाव अन्य श्रेणियों की तुलना में खराब खंड पर अधिक स्पष्ट था, क्योंकि मुख्य रूप से इसका उपभोग शहरों में अधिक होता है।

सुला वाइनयार्ड्स के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजीव सामंत ने रिपोर्ट में कहा कि शराब की मांग कई अस्थायी नियामकीय और अन्य बाजार व्यवधानों से भी प्रभावित हुई। इसमें आम चुनाव और महाराष्ट्र जैसे प्रमुख बाजार का विधानसभा चुनाव शामिल है। उन्होंने कहा, तीन साल की मजबूत वृद्धि के बाद 2024-25 भारतीय शराब उद्योग के लिए मांग को फिर से स्थापित करने का वर्ष था। उन्होंने कहा, लेकिन अच्छी खबर यह है कि ये झटके अब पीछे छूट चुके हैं।

चालू वित्त वर्ष में हम अधिक सामान्य वृहद माहौल की उम्मीद कर रहे हैं। हालांकि, शराब उद्योग के लिए चुनौतीपूर्ण बाजार स्थितियों के बावजूद सुला ने वित्त वर्ष 2024-25 से अपना सबसे ऊंचा 619.4 करोड़ रुपये का परिचालन राजस्व दर्ज किया था। सामंत ने शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा, हमने अपनी अग्रणी स्थिति को मजबूती से कायम रखा है। हम देश का सबसे बड़ा शराब ब्रांड हैं।

# सेशेल्स नेशनल डे टूर्नामेंट में भारत का बेहतरीन प्रदर्शन

**(एजेन्सी)।** भारतीय मुक्केबाजों ने सेशेल्स नेशनल डे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। जिसके तहत भारत के 6 मुक्केबाजों ने इस टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। कजाखस्तान में एलोरडा कप में खेल चुके उत्तर प्रदेश के आदित्य प्रताप (65 किलो) ने तीसरे दौर में स्थानीय मुक्केबाज जोवानी बूजिन को रैफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने पर हराया।

राष्ट्रीय संयुक्त फाइनल्स में रजत पदक विजेता नीरज (75 किलो) ने आरएससी पर दूसरे दौर में जीत दर्ज की। बेलग्रेड मुक्केबाजी चैंपियन रहे और एलीट राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता हरियाणा के हिमांशु शर्मा (50 किलो) ने मॉरीशस के मथियू एस को 4-1 से हराया। उत्तर प्रदेश के आशीष एम ने 55 किलो वर्ग में मॉरीशस के गुइलॉमी फ्रांसिस को 4-1 से मात दी।

राष्ट्रीय संयुक्त चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता हरियाणा के अनमोल (60 किलो) ने सेशेल्स के डारियो गैब्रियेल को 4-1 से हराया। कार्तिक दलाल (70 किलो) को साउथ अफ्रीका के ब्लेसिंग एनजियाना ने 4-1 से शिकस्त दी। एलोरडा कप 2024 के ब्रान्ज मेडल विजेता और राष्ट्रीय खेलों में गोल्ड मेडल जीत चुके गौरव चौहान को 90 प्लस वर्ग में सीधे फाइनल में प्रवेश मिला है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारत स्काउट और गाइड, पूर्वी चंपारण द्वारा 'योग संगम शिविर' का भव्य आयोजन




**संजना भारती संवाददाता**

**मोतिहारी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत स्काउट और गाइड, पूर्वी चंपारण के तत्वावधान में 'योग संगम शिविर' का भव्य आयोजन जिला मुख्यालय परिसर में किया गया।

इस आयोजन का नेतृत्व जिला मुख्य आयुक्त श्री रत्नेश्वरी शर्मा ने किया। शिविर में सैकड़ों स्काउट-गाइड्स, पदाधिकारियों एवं गणमान्य अतिथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में योग गुरु श्रीमती प्रियंका नागवंशी के द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया।

श्री रत्नेश्वरी शर्मा ने अपने संबोधन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य, बल्कि मानसिक और आत्मिक शांति के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी उपस्थित प्रतिभागियों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर दयाल शरण प्रसाद, अमरजीत सिंह, अरुण कुमार सिंह, मनीष कुमार, शेखर राज, किशोर पासवान, किशन कुमार, मोनू कुमार, विष्णु प्रिया, विवेक कुमार, ऋषि कुमार, अमरजीत कुमार, मुन्ना आलम, विराट कुमार, शशि रंजन कुमार, पंकज कुमार, सोनू कुमार, विकी कुमारी, आकाश कुमार, रोहित कुमार, धर्मेंद्र प्रसाद, अरमान हसन, अवनीश कुमार, राजकुमार, मोहित कुमार, इंजीनियर कौशल किशोर महतो, अभिषेक राज, रामबाबू कुमार, बसंत कुमार राय, ऋषभ राज, पुष्पांजलि रानी, खुशी गोस्वामी, पूजा कुमारी, साईं फैसल रहमान, नंदन कुमार, कुंदन कुमार, चंदन कुमार, मधुकर, एमडी बदियु जमा, स्कंद शेखर, दक्ष पुष्कर सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

शिविर के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और स्वस्थ जीवन के लिए योग को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया गया। यह आयोजन समाज में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

# ब्रह्माकुमारीज के राजयोग भवन में 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया



**संजना भारती संवाददाता**

**टोंक।** 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के राजयोग भवन में उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें ब्रह्माकुमारीज संस्थान के साथ भारत विकास परिषद, श्री व्यापार संघ जवाहर बाजार टोंक, ए यू स्माल बैंक शाखा टोंक व माय भारत केंद्र टोंक ने 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' विषय पर योग क्रियाओं के साथ राजयोग का अभ्यास किया।

कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष रमेश काला ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान में आकर हमें आत्मिक शांति प्राप्त हुई, निश्चित रूप से योग आत्मा की उन्नति के लिए यह उचित मार्ग है। इस योग साधना में विश्व कल्याण का भाव निहित है। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र टोंक प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी ने योग का महत्व बताते हुए कहा की योग सिर्फ एक दिन अभ्यास करने का नहीं है बल्कि योग को नियमित रूप से दैनिक दिनचर्या और यहां तक कि हमारे हर कर्म से जोड़ दिया जाए तो हमारा जीवन श्रेष्ठ बन जाएगा। उन्होंने बताया कि आत्मा और परमात्मा के सुंदर मिलन की अनुभूति करना ही राजयोग है जो हमारी आत्मिक ऊर्जा को बढ़ाता है, इससे हम अपने तन मन को सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर कर जीवन की हर परिस्थितियों के लिए स्वयं को सशक्त बना सकते हैं। दीदी ने राजयोग की गहन अनुभूति करवाई। उन्होंने सेवा केंद्र पर पधारने पर सभी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में श्री व्यापार संघ जवाहर बाजार टोंक के अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा कि आज ही के दिन भगवान शिव ने योग सिखाया था। वही योग पतंजलि संस्थान द्वारा विश्व भर में फैलने का कार्य किया है और आज हम सब उसका अभ्यास करते हैं। वहीं ए यू स्माल बैंक शाखा टोंक के ब्रांच मैनेजर प्रेम प्रकाश शर्मा ने संस्थान का आभार जताते हुए कहा कि यहां के आध्यात्मिक वातावरण में योग का महत्व और बढ़ जाता है। अंत में सभी संस्थान की ओर से प्रभु प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर माय भारत केंद्र टोंक के जिला युवा समन्वयक पंकज कुमार यादव, रमाकांत शर्मा, नेभराज राजकुमार और बैंक के ब्रांच रॉयल मैनेजर शेखर जाडिया, रामलाल संभाला, रामलाल चौधरी, गुड्डू, वंशिका एवं माय भारत केंद्र के स्वयंसेवक तथा संस्थान से जुड़े सदस्य व शहर के बडी संख्या में महिलाए एवं पुरूष उपस्थित रहे। योग दिवस के दौरान ब्रह्माकुमारीज के बनेठा सेवा केंद्र में ब्रह्माकुमारी अनीता दीदी द्वारा स्थानीय स्तर पर योग के साथ राजयोग का अभ्यास करवाया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर किया योगाभ्यास



**एसबी ब्यूरो**

**बीहट/बेगूसराय।** हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड बरौनी इकाई में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पतंजलि बेगूसराय के योग विशेषज्ञ के साथ इकाई के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के साथ-साथ आवासीय परिसर में रह रहे परिवार के अन्य सदस्यों ने हिस्सा लिया।

योग प्रशिक्षक ने योगा के विभिन्न आसनों के बारे में प्रशिक्षित किया साथ ही योग के महत्व के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में बरौनी इकाई प्रमुख संजय कुमार गुप्ता, मेंटिनेंस प्रमुख गोपाल कृष्ण बेहेरा, ऑपरेशन प्रमुख ज्योतिष कुमार सतपथी, मानव संसाधन प्रमुख राकेश कुमार पाण्डेय, कारखाना प्रबंधक मनीष कुमार, वित्त प्रमुख एस. बालासुब्रह्मण्यम, सुरक्षा प्रमुख कर्नल सुधीर सिंह, मानव संसाधन अधिकारी प्रमोद मिश्रा, राजेश समल के साथ साथ परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

कारखाना के प्रमुख संजय कुमार गुप्ता ने भी योग के महत्व के बारे में बात की एवं शिविर में आए सभी प्रतिभागियों को योग मैट प्रदान किया।

# सोशल मीडिया पर अभद्रता बर्दाशत नहीं : डॉ. बलजीत कौर

**संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा**

**चंडीगढ़।** सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर अभद्र और अश्लील सामग्री के बढ़ते चलन पर गंभीर चिंता व्यक्त की है, जो बच्चों के मनोवैज्ञानिक और सामाजिक स्वास्थ्य के लिए सीधा खतरा बन रहा है। सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने पंजाब राज्य बाल अधिकार आयोग द्वारा सोशल मीडिया पर ऐसी सामग्री पोस्ट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए ए.डी.जी.पी. (साइबर क्राइम) को जारी किए गए आदेशों का स्वागत करते हुए कहा कि पंजाब सरकार बच्चों की रक्षा और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। डॉ. बलजीत कौर ने विभाग के सभी जिला सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने स्तर पर सोशल मीडिया पर चल रही ऐसी अश्लील सामग्री पर नजर रखें। यदि किसी भी प्रकार की शिकायत या जानकारी मिलती है, तो तत्काल पुलिस और बाल अधिकार आयोग को सूचित कर स्थानीय स्तर पर जागरूकता अभियानों के माध्यम से माता-पिता, शिक्षकों और युवाओं को सचेत किया जाए। बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण और उनके सर्वांगीण विकास के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि जो भी तत्व बच्चों की मानसिकता पर बुरा असर डालते हैं, उन्हें किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं किया जाएगा। दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी और उन्हें कानूनी तौर पर उदाहरण बनाया जाएगा, ताकि और किसी की हिम्मत न हो कि वह सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री पोस्ट करे।

# लोगों को गुमराह करने के लिए विरोधी दल कर रहे हैं मनगढ़ंत बयानबाजी : ई. टी. ओ.

**संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा**

**चंडीगढ़।** पंजाब राज्य को विकसित करने में विकास अथॉरिटियों सम्बन्धी भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार का फैसला अहम भूमिका निभाएगा। उक्त प्रगटावा एक प्रैस बयान के द्वारा कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई. टी. ओ. ने आज यहाँ किया। उन्होंने कहा कि पंजाब राज्य के सभी स्थानीय विकास बोर्डों के चेयरमैन के तौर पर मुख्य सचिव को नियुक्त करने के फैसला से राज्य के विकास सम्बन्धी मामलों को मंजूरी मिलने की कार्यवाही में तेजी आयेगी और आम लोगों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निदेर्शों पर राज्य के अधिकारियों ने गुजरात सरकार की तरफ से अहमदाबाद शहरी विकास अथॉरिटी, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नोएडा, मेरठ, कानपुर और लखनऊ जैसी शहरी योजनाबंदी संस्थाओं की कार्यप्रणाली सम्बन्धी की गई तबदीली और उनके प्रभावों का अध्ययन किया गया और इस माडल के प्रभावों को अच्छी तरह अध्ययन करने के उपरांत इसके निष्कर्षों के बारे में सरकार को अवगत करवाया गया जिसके बाद पंजाब क्षेत्रीय और शहरी योजनाबंदी और विकास ( पी. आर. टी. पी. डी.) एक्ट की धारा 29(3) में संशोधन सम्बन्धी फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से ग्रेटर मोहाली एरिया डिवैल्पमैंट अथॉरिटी (गमाडा), ग्रेटर लुधियाना डिवैल्पमैंट अथॉरिटी (गलाडा) और पंजाब शहरी विकास अथॉरिटी (पुड्डा) जैसी प्रमुख विकास संस्थाओं से सम्बन्धित मामलों को अधिकारी जल्द सम्पूर्ण करेंगे जिससे सिर्फ. राज्य के लोगों को ही फायदा होगा। उन्होंने कहा कि यह तबदीली विकास अथॉरिटियों की कार्यवाही को सुचारू बनाने और समय पर फैसले लेने को यकीनी बनाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि शक्तियों के विकेंद्रीकरण की दिशा में एक बड़ा फैसला है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इसके इलावा विकास अथॉरिटियों की फैसला लेने की प्रक्रिया में राजस्व, उद्योग, जल सप्लाई और सेनिटेशन और अन्य विभागों को शामिल करने का फैसला भी अंतर-विभागीय तालमेल को बढ़ाने में मददगार साबित होगा। उन्होंने कहा कि विरोधी दल राज्य के लोगों को गुमराह करने के लिए इस मामले सम्बधी मनगढ़ंत बयानबाजी कर रहे हैं।

# एनडीआरफ या एसडीआरएफ कैंप की स्थापना के लिए युवक ने जिला पदाधिकारी से लगाई गुहार

**संजना भारती संवाददाता**

**बक्सर।** बक्सर जिला गंगा नदी के तट पर बसा हुआ है ऐसे दुर्घटना के समय गंगा नदी के समीप बसा के लोगों ससमय मदद न मिल पाने के कारण जान चली जाती है जिसको लेकर नगर के युवा समाजसेवी अजय राय ने डीएम डॉ विद्यानंद से मिलकर बक्सर राहत कार्य के लिए जिले में एनडीआरफ या एसडीआरएफ कैंप की स्थापना की मांग की है। जिलाधिकारी को दिए पत्र के मेम अजय ने इस बात को उल्लेखित किया है की।



बक्सर जिला गंगा नदी का बहुत बड़ा प्रवाह क्षेत्र है जिसमे सैकड़ो संवेदनशील पोखरा एवं तालाब भी है जबकि उत्तर प्रदेश के बलिया जिला से लगायत सिमरी एवं चक्की प्रखंड के दर्जनों गाँव गंगा नदी के समीप बसे हुए हैं जहाँ अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। जिसमे जिले के अंदर एनडीआरफ या एसडीआरएफ की टीम रहती तो ऐसी दुर्घटनाओं में ससमय लोगों को मदद पहुंचाया जा सकता है। जबकि वर्तमान में बक्सर जिला मुखयालय से लगभग सौ किमी की दुरी पर बिहटा में एनडीआरफ या एसडीआरएफ का कैंप है जिससे जिले में कोई दुर्घटना होने पर टीम को आने में घंटो समय लग जाता है जिससे जरूरतमंदो को ससमय मदद नहीं मिल पाने के कारण लोगों को की जानचली जाती है।

वही उन्होंने यह भी बताया की बक्सर जिला शाहाबाद प्रक्षेत्र के भोजपुर, रोहतास तथा कैमूर जिला की सीमा से जुड़ा हुआ है। यदि यहाँ पर एनडीआरफ या एसडीआरएफ कैंप की व्यवस्था रहती तो बक्सर जिले के साथ-साथ शाहाबाद के अन्य जिलों को भी दुर्घटनाओं के समय मदद मिल पाती। वही इस पहल के बाद लोग अजय की जमकर सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद भी दे रहे हैं।

# शिवांकन कला महाविद्यालय में डांस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



डांस प्रतियोगिता में सम्मानित प्रतिभागीगण। (छायाः एसबी)

**एसबी संवाददाता**

**वाराणसी।** मढौली स्थित शिवांकन कला महाविद्यालय में डांस कंपटीशन का आयोजन किया गया, स्पर्धा में 60 प्रतिभागियों ने बेहतरीन नृत्य का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में सुजीत फंकिस्तान थे। कार्यक्रम की आयोजिका मनीषा द्विवेदी ने कार्यक्रम के मुख्य समाजसेवी राजेश त्रिवेदी महाविद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया।

कार्यक्रम में विशेष सहयोग आनंद शर्मा, देशी बन्नी, संदीप, मनीष, ऋषभ, आदित्य, मोमो, रीता, अंजलि, अमित, रोशन, सोमू का रहा। कार्यक्रम में संदीप ने प्रशिक्षण के साथ ही साथ सफल संयोजन के माध्यम से कला की बारीकियों को समझाया।

प्रतियोगिता में भदोही, गाजीपुर, जौनपुर, बनारस के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# आईरा का कार्ड वितरण एवं पत्रकार सम्मान समारोह सम्पन्न




**एसबी ब्यूरो प्रमुख/इंतजार हुसैन**

**बदायूं।** ऑल इंडिया रिपोर्ट्स एसोसिएशन (आईरा) की बदायूं इकाई द्वारा एक भव्य आई-कार्ड वितरण एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में जिलेभर से संगठन के पदाधिकारी एवं पत्रकार बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बदायूं अमर प्रभात के सम्पादक एवं आईरा के राष्ट्रीय महासचिव वेदभानु आर्य, तथा अमर भास्कर के सम्पादक एवं संगठन के प्रदेश महासचिव अबरार अहमद रहे। विशिष्ट अतिथियों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी हामिद अली खां राजपूत, संरक्षक रवि प्रताप सिंह, मंडल सचिव सुरेश प्रसाद शर्मा, जिला संरक्षक प्रेमकमल वार्ष्णेय, राजीव पाल एवं भानु प्रकाश सिंह चौहान शामिल रहे।

समारोह में मुख्य अतिथि वेदभानु आर्य एवं अबरार अहमद ने उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि "पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, इसकी गरिमा बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। आज के दौर में निष्पक्ष, निडर और तथ्य आधारित पत्रकारिता की जरूरत पहले से कहीं अधिक है।" उन्होंने संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए पत्रकारों से स्वच्छ, तथ्यपरक और जनहित में कार्य करने का आह्वान किया।

अतिथियों ने सभी पदाधिकारियों को आई-कार्ड पहनाकर एवं माला पहना कर सम्मानित किया और उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष ठाकुर वेदपाल सिंह, जिला प्रभारी नरेंद्र सिंह, तथा जनपद की सभी तहसीलों के तहसील अध्यक्ष और संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। पशु प्रेमी विकेन्द्र शर्मा, पर्यावरण प्रेमी सुनील गुप्ता, स्काउट गाइड के जिला कमिश्नर असरार अहमद, एवं जिला सूचना कार्यालय से सेवानिवृत्त हुए सोमेन्द्र सिंह को प्रतीक चिन्ह व माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन राजन यादव ने किया। अंत में सभी पत्रकारों एवं अतिथियों ने संगठन की मजबूती और जनसेवा के संकल्प को दोहराया।

# पाकिस्तान आई. एस. आई. को फौज से सम्बन्धित संवेदनशील डाटा लीक करने के लिए एक फौजी जवान और उसका साथी गिरफ़्तार

**संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा**

**चंडीगढ़/अमृतसर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निदेर्शों पर पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चल रही मुहिम के दौरान बड़ी जासूसी-विरोधी कार्यवाही करते हुये अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने भारतीय फौज के एक जवान और उसके सहयोगी को फौज से सम्बन्धित संवेदनशील डाटा पाकिस्तान की इंटर-सर्विसिज इंटेलिजेंस (आई. एस. आई.) को लीक करने शक में गिरफ़्तार किया है। यह जानकारी डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने रविवार को यहाँ दी। गिरफ़्तार किये गए मुलजिमों की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी फौजी निवासी धारीवाल, अमृतसर, जो मौजूदा समय भारतीय फौज के जवान के तौर पर जम्मू में तैनात है और उसके साथी साहिल मसीह उर्फ शाली, जो कि अमृतसर के धारीवाल का रहने वाला है, के तौर पर हुई है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्राथमिक जांच से पता लगा है कि गुरप्रीत सिंह पाकिस्तानी आई. एस. आई. के गुर्गों के साथ सीधे संपर्क में था और यह शक है कि वह पैन ड्राइव के द्वारा संवेदनशील और खुफिया जानकारी सांझी करता था। उन्होंने आगे कहा कि इस मामले में शामिल मुख्य आई. एस. आई. हैंडलर की पहचान राणा जावेद के तौर पर हुई है।

डीजीपी ने कहा कि गिरफ़्तार किये गए दोनों मुलजिमों के कब्जे में से वर्चुअल नंबरों वाले दो मोबाइल फोन बरामद किये गए हैं, जिनका प्रयोग कथित तौर पर आईएसआई के गुर्गों के साथ बातचीत करने के लिए किया जाता था। उन्होंने कहा कि जासूसी-दहशतगर्दी के व्यापक नैटवर्क को जड़ से तबाह करने और इस मामले में सभी सहयोगियों की पहचान करने के लिए और जांच की जा रही है। अन्य विवरण सांझा करते हुये सीनियर सुपरडैंट आफ पुलिस ( एस. एस. पी.) अमृतसर ग्रामीण मनिन्दर सिंह ने कहा कि मुलजिम गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी फौजी 2016 में फौज में भर्ती हुआ था और यह अंदेशा है कि उसने अपने



पद का दुरुपयोग करते हुये पैन ड्राइव और डिस्क द्वारा फौज की खुफिया जानकारी जुटायी और पाकिस्तान आईएसआई को लीक की। उन्होंने कहा कि जासूसी नैटवर्क को कथित तौर पर धारीवाल के एक दुबई-आधारित नशा तस्कर, अर्जुन ने पाँच महीने पहले गुरप्रीत को आईएसआई के गुर्गों के साथ रूबरू करवाया था। उन्होंने बताया कि कि उस समय से, गुरप्रीत पहले से निर्धारित ड्राप स्थानों का प्रयोग करके आईएसआई को फौज का संवेदनशील डाटा सक्रियता से भेजने में लगा हुआ था।

एसएसपी ने कहा कि इस जासूसी गतिविधि को अंजाम देने के बदले दोषी गुरप्रीत को बड़े जटिल नैटवर्क के द्वारा मेहनताना मिल रहा था, जिसमें दोस्तों, रिश्तेदारों और विदेशी सहयोगियों के बैंक खातों का इस्तेमाल किया जाता था जिससे इस गतिविधि का किसी को न पता लगे। खुफिया सूचना पर कार्यवाही करते हुये पुलिस टीमों ने गुरप्रीत और उसके साथी साहिल मसीह को तब गिरफ़्तार कर लिया जब वह अन्य संवेदनशील डाटा लीक करने की ताक में थे। उन्होंने कहा कि व्यापक गठजोड़ का पर्दाफाश करने और अन्य साजिशकर्ताओं की पहचान करने के लिए आगे जांच जारी है।

इस सम्बन्धी अमृतसर ग्रामीण के पुलिस स्टेशन लोपोके में 21. 06. 2025 को आफिशियल सिक्रेट एक्ट की धारा 3, 5 और 9 और बीऐनऐस की धारा 3 (5) के अंतर्गत एफआईआर नंबर 140 के अंतर्गत केस दर्ज किया गया है।

# नगर निगम ने ताबड़तोड़ चलाया अतिक्रमण विरोधी अभियान, 52 दुकानों व रेहड़ी-फड़ी का सामान किया जब्तः डॉ वैशाली शर्मा

## ■ शहर के बाजार हुए खुले, वाहनो व ग्राहकों को मिली राहत

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** नगर निगम करनाल ने शहर को साफ-सुथरा और सुगम बनाने के लिए ताबड़तोड़ अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। नगर निगम के प्रवर्तन दल व ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त टीम ने शहर की कर्ण गेट मार्किट में संडे बाजार नहीं लगने दिया। इस कार्रवाई से मार्किट खुली हुई और यहां आने वाले ग्राहकों व वाहनो को जाम से निजात मिली। यह जानकारी रविवार को नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी।



उन्होंने बताया कि कर्ण गेट मार्किट में संडे बाजार न लगाने को लेकर टीम द्वारा पिछले तीन-चार दिनों से लगातार मुनादी करवाई जा रही थी। इसके अतिरिक्त रविवार को भी मुनादी जारी रही। परंतु फिर भी जिस व्यक्ति द्वारा रेहड़ी-फड़ी लगाई गई, उसके सामान को जब्त कर लिया गया। उन्होंने बताया कि कर्ण गेट मार्किट के अतिरिक्त कलंदरी गेट, महाराणा प्रताप चौक क्षेत्र, मीरा घाटी चैक, कुंजपुरा रोड़, मेरठ रोड, अस्पताल चैक, कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज रोड तथा विर्क अस्पताल रोड इत्यादि क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया गया, जिसमें सड़कों पर अवैध रूप से लगाई रेहड़ियों व दुकानदारों द्वारा सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान 52 दुकानों व रेहड़ी-फड़ी का सामान जब्त किया गया और उन्हें सख्त चेतावनी दी गई कि दोबारा सड़क पर सामान रखने पर भारी जुमार्ना लगाया जाएगा।

नगर निगम आयुक्त ने बताया कि इस तरह के अभियान न केवल शहर को साफ-सुथरा बनाते हैं, बल्कि यातायात व्यवस्था को भी सुगम बनाते हैं और लोगों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि दुकानदार व रेहड़ी-फड़ी वाले खुद जागरूक बने और सड़कों पर अतिक्रमण न करें। उन्होंने कहा कि नगर निगम की ओर से अपनी दुकान का सामान निर्धारित जगह पर रखने के निर्देश जारी किए हुए हैं, दुकानदार उसका पालन करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़कों व बाजारों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम का अभियान जारी रहेगा। प्रवर्तन दल में नगर निगम के सफाई निरीक्षक मनदीप सिंह व संदीप कुमार, एस.एच.ओ. ट्रैफिक पुलिस रोशन लाल तथा पुलिस फोर्स व निगम की स्वच्छ भारत मिशन टीम मौजूद रही।

# बुजुर्गों के साथ-साथ जवानों में भी बढ़ रही हैं दिल की बीमारियांः डॉक्टर सूरज सिंह

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** सुप्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर सूरज सिंह ने कहा की वर्तमान में बुजुर्गों के साथ-साथ जवानों में भी दिल की बीमारियां बढ़ती जा रही हैं। आम और खास लोग जो किन्हीं कारणों से अस्पताल नहीं जा पाते उनके लिए सेक्टर 8 स्थित महाराणा प्रताप स्मृति भवन में राजपूत सभा करनाल और विर्क अस्पताल की तरफ से निशुल्क ह्रदय जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें राजपूत सभा के अध्यक्ष डॉ नरेंद्र प्रताप सिंह और समस्त कार्यकारिणी ने शिरकत की। इसके साथ विर्क अस्पताल के संचालक डॉक्टर बलबीर सिंह विर्क ने पहुंचकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। रविवार को लगाए गए निशुल्क ह्रदय जांच शिविर में करीब 150 लोगों ने अपनी जांच कराई और निशुल्क ब्लड शुगर, एचबीवनऐसी, ईसीजी, ब्लड प्रेशर, फ्री पल्स एसपीओ 2 जैसे टेस्ट करवाए गए। जिन लोगों को इको जैसे टेस्ट की जरूरत महसूस हुई उनका यह टेस्ट भी अस्पताल में निशुल्क किया जाएगा।



राजपूत सभा की ओर से डॉ बलबीर विर्क, डॉक्टर सूरज सिंह, प्रवेश गाबा और उनकी पूरी टीम का बुके और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। निशुल्क ह्रदय जांच शिविर के दौरान सुप्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर सूरज सिंह ने उपस्थित लोगों से बातचीत करते हुए कहा संतुलित खानपान, नियमित व्यायाम, स्ट्रेस मुक्त जीवन, शरीर की नियमित जांच करवा कर ह्रदय रोगों से बच सकते हैं। यदि हमारे पेट में जलन होती है, खाने में ज्यादा कोलेस्ट्रॉल प्रयोग करते हैं और धूम्रपान करते हैं साथ ही बटर मक्खन घी आदि का ज्यादा प्रयोग करते हैं तो यह हमें दिल की बीमारियों की तरफ ले जाता है। शुगर की सबसे ज्यादा बीमारियां भारत में है, दिल को स्वस्थ रखने के लिए शुगर पर कंट्रोल करना बहुत जरूरी है। अनहेल्दी डाइट छोड़ें एक्सरसाइज करें और बीमारियों के प्रति जागरूक रहें।

इस अवसर पर राजपूत सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप नंबरदार, महासचिव एडवोकेट बृजपाल राणा, उपाध्यक्ष मानसिंह, कुंवर अमित सिंह, कोषाध्यक्ष अजमेर सिंह पंवार, मेहर सिंह राणा, मीडिया सचिव बिशपाल राणा, दीपक मैनेजर, मैनेजर गौरव राणा अरडाना, डॉ विकास गाहलयान, डॉ रजनीश सिंह, गुरु प्रसाद सिंह, परमजीत सिंह, विनोद कुमार सहित काफी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास, नवाचार और जनकल्याण के नए आयाम कर रहा स्थापितः भगवान दास कबीरपंथी

## ■ 'मोदी सरकार की नीतियों ने हरियाणा को विकास के पथ पर अग्रसर किया है'

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की की नई ऊंचाइयां छू रहा है। पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने देश की सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, गरीब कल्याण और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा को एक नई पहचान दी है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश संकल्प से सिद्धि की ओर बढ़ रहा है।




नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीरपंथी गांव बराना, बैरसाल व रायपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 सफल वर्ष पूरे होने पर आयोजित संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में देश ने विकास, पारदर्शिता और सुशासन की दिशा में ऐतिहासिक प्रगति की है। हर वर्ग के हित को ध्यान में रखते हुए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं, जिनका लाभ पंक्ति में अंतिम खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा है। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों ने हरियाणा को विकास के पथ पर अग्रसर किया है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों को आगे बढ़ाया है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश का प्रत्येक वर्ग खुश नजर आ रहा है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास व सबका प्रयास' के मूल मंत्र पर चलते हुए सभी वर्गों के कल्याण के लिए केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार ने कई योजनाएं लागू की हैं। भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जो भी वायदे किए गए थे, उन्हें पूरा किया जा रहा है।

इस मौके पर सरपंच मायाराम, सरपंच महिंद्र, सरपंच अनिल, मंडल अध्यक्ष मुकेश, पूर्व मंडल अध्यक्ष बलबीर, सुरेश डाबरथला, चमेल सिंह, रमणीक, जोगिंदर, जसमेर, जसवंत, गौरव, संजीव, बलबीर, धर्मसिंह, डॉ गुलाब, रामेश्व, सुल्तान, राकेश सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहें।

# खाटू श्याम परिवार असंध द्वारा गौमाता के चारे के लिए 101 कट्टे खल के दिए दान



**संजना भारती संवाददाता**

**असंध।** खाटू श्याम परिवार असंध द्वारा श्री कृष्ण गौशाला मे गौमाता के लिये दलिये का प्रसाद बनवाया गया और साथ में 101 कट्टे खल के गऊ माता चारा के लिये दान में दिए। इसके अलावा साथ मे ही एक ऑटोमेटिक गंडासा मशीन चारा काटने हेतु जिसकी कीमत लगभग 2 लाख रुपए है वो भी दान स्वरूप दिया गया है। उक्त जानकारी खाटू श्याम परिवार के प्रधान योगेश कंसल ने देते हुए कहा कि गौ शाला को यह दान वस्तुएँ और धन राशि देने का फैसला एक मीटिंग में लिया गया था।

इस अवसर पर योगेश कंसल, दीपक मित्तल, सचिव संदीप टूर्ण, कैशियर दिनेश बिंदल व विशाल गोयल ने कहा कि गौशाला में क्षेत्र भर के हर वर्ग के लोगों का बराबर का सहयोग मिल रहा है और लोगों की भावना भी गौ माता की सेवा के लिए ज्यादा हुई है। अग्रवाल समाज प्रधान राजेश गोयल, गौशाला प्रधान विजय गोयल व सोनी गर्ग ने कहा कि खाटू श्याम परिवार द्वारा हर महीने खाटू व सालासर में बाबा के दर्शन के लिए भक्तों को ले जाने के लिए बस यात्रा की व्यवस्था की हुई है।

इस मौके पर खाटू श्याम परिवार के सदस्य जगमोहन गर्ग, रोशन लाल बिंदल, प्रवीण गर्ग, संदीप सीमेंट वाले, रजत आढ़ती, वीरेंदर गोयल, डॉ श्री राम शर्मा, अतुल आढ़ती, राजेंद्र जांगड़ा, सुरेंद्र अत्री, सतपाल गोयल, राहुल गर्ग सहित अन्य मेंबर मौजूद रहे।

# यातायात नियमों का पालन करें सभी जिलावासीः डीसी प्रीति

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** डीसी प्रीति ने सभी जिला वासियों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, ताकि सड़क पर कोई भी दुर्घटना नहीं हो। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा समिति से संबंधित अधिकारी सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करवाने के साथ-साथ मुख्य सुविधाएं प्रदान करना भी सुनिश्चित करें।

डीसी प्रीति ने कहा कि स्कूलों, कालेजों के साथ-साथ आम लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। उन्हें बताया जाए कि यदि हम नियमों का सही पालन नहीं करेंगे तो उनकी स्वयं की जिंदगी खतरे में पड़ जाती है, वहीं समाज के अन्य लोगों को भी काफी प्रभावित करती है। हमें ट्रैफिक सिग्नल का पालन करना चाहिए, ओवर



उपायुक्त कैथल प्रीति।

स्पीड में वाहन नहीं चलाएं, जेब्रा क्रासिंग का सही उपयोग करें, दो पहिया वाहन चालक हेलमेट का उपयोग जरूर करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें, सीट बेल्ट लगाए, सड़क पर लगे संकेतों का पालन करें, धीमी गति के संकेत को गंभीरता से लें। यातायात पुलिस लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ सख्त कार्रवाई भी अमल में लाएं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना न केवल हमारी जिम्मेदारी है, बल्कि यह हमारी और हमारे समाज की सुरक्षा के लिए बहुत आवश्यक है।

डीसी ने कहा कि अभिभावक भी यह सुनिश्चित करें कि उनके नाबालिग बच्चे वाहन न चलाएं। ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग भी अपनी जिम्मेदारी पूरी गंभीरता से निभाएं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को

**एसबी संवाददाता**

**कैथल।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष मैहला की देखरेख में 12 जुलाई को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कंवल कुमार ने बताया कि लोक अदालत विवादों के समाधान के लिए होती है। इसे जनता की अदालत भी कहा जाता है। यह निष्पक्ष और सरल न्याय प्रदान करता है। लोक अदालतों द्वारा संपत्ति, चेक बाउंस, मोटर वाहन अधिनियम तहत किए गए चालान, वित्तीय विवाद और वैवाहिक मुद्दों जैसे पारिवारिक विवादों को व्यापक रूप से और प्रभावी ढंग से हल किया जाता है। लोक अदालत में मामले का निपटारा तुरन्त हो जाता है और सभी को न्याय आसानी से मिल जाता है।

**आवश्यक सूचना**

**तेजी** से बढते राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र, **'संजना भारती'** को चंडीगढ़, पंचकुला सहित पूरा हरियाणा, पंजाब में जिला स्तर, तहसील स्तर, खंड स्तर पर पत्रकार/कोर्सपोंडेट/ प्रतिनिधि, जिला प्रभारी की जरूरत है।

**संपर्क करें: दैनिक संजना भारती, समाचार पत्र नई दिल्ली**

**वाटसेप नम्बर: 9871221635**

# पद्म पुरुस्कारों के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदनः डीसी कैथल प्रीति

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** डीसी कैथल प्रीति ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरुस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र व्यक्ति आगामी 31 जुलाई, 2025 तक नामांकन भर सकते हैं। इन पुरस्कारों में पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री पुरस्कार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवार्ड.जीओवी.इन पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी।

नामांकन करने वाले व्यक्ति अधिकतम 800 शब्द का एक व्याख्यात्मक प्रशस्ति-पत्र जिसमें अनुशंसित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र/विषय में विशिष्ट और अन्य उपलब्धियों/ सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख



उपायुक्त कैथल प्रीति।

किया गया हो, प्रस्तुत करें। उन्होंने बताया कि कि पद्म पुरस्कार, अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। वर्ष 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है।

यह पुरस्कार कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक कार्य, नागरिक सेवाओं, व्यापार और उद्योग जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवाओं के लिए उत्कृष्ट-कार्य को मान्यता प्रदान करने के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लैंगिक भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। डॉक्टर और वैज्ञानिकों को छोडकर सार्वजनिक उपक्रमों में काम करने वाले सरकारी कर्मचारी पद्म पुरस्कार के लिए पात्र नहीं हैं। इस संबंध में और अधिक विवरण वेबसाइट पदमा अवार्ड.जीओवी.इन पर उपलब्ध है।

# नशा मुक्त हो जिला अभियान तहत संदिग्ध नशा तस्करों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## ■ आमजन से संपर्क स्थापित करके संदिग्ध नशा तस्करों की पहचान की गई

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** नशा तस्करो की धरपकड़ व अन्य अपराधीक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए एसपी आस्था मोदी के निदेर्सानुसार डीएसपी कुलदीप बेनीवाल के नेतृत्व में कैथल पुलिस लगातार प्रयासरत है।

एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार नशा जागरुकता टीमें घर घर जाकर लोगो से संपर्क स्थापित कर रही है। इस दौरान उक्त टीमों ने संदिगध नशा तस्करों की लिस्ट तैयार की गई है। पिछले दिनो से उक्त टीमें सीवन थाने के अंतर्गत के गावों में आमजन से मिल रही है। जो उक्त टीमों द्वारा आमजन से संपर्क स्थापित करके तैयार की गई संदिग्ध नशा तस्करों की लिस्ट अनुसार थाना सीवन के गांव सीवन, पोलड़, ककहेड़ी, भुना, फर्श माजरा, नगल, पहाड़पुर, कांगथली, माँजला में मारे गए छापे। में रविवार को सुबह सर्च अभियान चलाया गया। एसएचओ सीवन इंस्पेक्टर ओमप्रकाश



की अगुवाई मे थाना सीवन, चीका, गुहला, सदर, एंटी नारकोटिक सेल से 10 पुलिस टीमों में शामिल करीब 100 पुलिस कर्मचारियों द्वारा स्नाइपर डॉग व कमांडो दस्ते के साथ उक्त गांव में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। जिसके तहत पूरे क्षेत्र में आमजन के मन में सुरक्षा के भावों को पुख्ता किया गया व करीब 100 संदिग्ध घरों की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छिपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला या आपराधिक कार्य करने वाला गैर कानूनी तरीके से न रहता हो।

एसपी आस्था मोदी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना व अपराधियों में भय उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में मुख्य रूप से नशे का कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसना है, जिला पुलिस का उद्देश्य कैथल जिला को नशा मुक्त बनाना है। इसके साथ साथ पुलिस द्वारा सर्च ऑपरेशन के अलावा वहां मौजूद आमजन को समझाया गया कि किसी प्रकार के मादक पदार्थ बेचने वाले या अन्य किसी अपराधी के बारे में पुलिस को सूचित करें, सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा, इसके साथ साथ नशा ना करने बारे भी जागरूक किया गया। पुलिस का यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा और इससे या तो अपराधीक व्यक्ति अपराध करना छोड़ देगा या वह कैथल के क्षेत्र को छोड़ देगा। नशा तस्करो को कड़ा संदेश देते हुए एसपी ने कहा की नशा बेचकर अर्जित की गई सम्पति की भी जांच पड़ताल की जा रही है, नशा बेचकर कमाई गई अवैध सम्पति को अटैच करवाया जाएगा। आमजन बेझिझक नशा तस्करो की सूचना पुलिस को दें, नशा तस्करो की असली जगह जेल है।

# राजौंद के वार्ड 11 पार्षद राजबीर सिंह का निधन-नगर में शोक की लहर

## ■ नपा चैयरपर्सन, सचिव, पार्षदों ने दुःख प्रकट किया

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** राजौंद के वार्ड नंबर 11 के पार्षद राजबीर सिंह का 21 जून सायंकाल पीजीआई रोहतक में निधन होने का दुखद समाचार मिला है। उनके निधन पर नपा चैयरपर्सन बबीता, नपा सचिव नरेंद्र शर्मा, सभी पार्षदों, मार्किट यूनियन प्रधान भीम सिंह राणा, महाराणा प्रताप चौक मार्किट यूनियन प्रधान सन्नी शर्मा, नपा सफाई कर्मचारी ब्लॉक प्रधान सन्दिप कुमार, सभी दुकानदारों, नगर से पूर्व चेयरपर्सन गुड्डी राणा, पूर्व पार्षदों, नगर के मोजिज नागरिकों, नपा कार्लयालय स्टाफ, नपा सफाई व डोर टू डोर कर्मचारियों ने दुःख प्रकट किया है। बताया गया कि पार्षद राजबीर सिंह



पार्षद राजबीर सिंह, वार्ड नंबर 11, राजौंद (फाइल फोटो)।

कर्तव्यनिष्ठा, मिलनसार, सभ्य, सहयोगी, ईमानदार, स्नेही, कर्मठ, शिष्ट व्यक्तित्तव के धनी इन्सान थे। बताया गया कि उन्हें इलाज के लिए पीजीआई रोहतक ले जाया गया था। जहा से देर रात उनकी मृत देह ही वापिस आई। उनका अन्तिम संस्कार रविवार, 22 जून को सुबह राजौंद में कर दिया गया। उनके निधन से नगर में शोक की लहर है। राजौंद मीडिया उनके निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है और सरकार व प्रशासन से इनके परिवार की हरसंभव मदद की अपील करता है।

दैनिक संजना भारती समाचार पत्र परिवार भगवान से प्रार्थना करता है कि उसकी आत्मा को शांति दे व परिवार को यह असहनीय दुख सहने की शक्ति दे।